अव्यवस्था | दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

# अंडरब्रिज बनने लगा तालाब, राहगीर परेशान



**अनूपपुर, नवभारत 11 जुलाई।** बारिश का मौसम प्रारंभ हो चुका है एवं अंडरब्रिज के नीचे पानी भर जाने की समस्या एक बार फिर सामने आ गई है। बारिश का पानी जमा होने से राहगीरों, खासकर दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चारपहिया वाहनों के गुजरने पर गंदा और कीचड़युक्त पानी उछलकर दोपहिया सवारों पर आता है, जिससे उन्हें भीगने के साथ-साथ दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। यह समस्या कोई नई नहीं है,बल्कि वर्षों से हर बरसात के मौसम में बनी हुई है।

### बारिश का पानी अंडरब्रिज के नीचे एकत्र हो जाता है

शहर का बारिश का पानी अंडरब्रिज के नीचे एकत्र हो जाता है। पर्याप्त निकासी नहीं होने के कारण यहां तालाब बन जाता है। हालांकि पानी की निकासी के लिए समीप से गुजरने वाली चंदास नदी का रास्ता है, लेकिन एक साथ अधिक मात्रा में पानी पहुंचने के कारण नदी में निकासी होने से पहले ही अंडरब्रिज के नीचे जलभराव हो जाता है।

### स्थायी समाधान की मांग

नागरिकों ने मांग की है कि अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल निकासी व्यवस्था को मजबूत किया जाए,ताकि हर बरसात में लोगों को इस परेशानी और संभावित हादसों का सामना न करना पड़े।

### प्रति वर्ष बनती है यही स्थिति

कई बार पानी का स्तर इतना बढ़ जाता है कि लोगों का पैदल और वाहन से निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष यही स्थिति बनती है, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा आज तक कोई स्थायी एवं प्रभावी समाधान नहीं किया गया है एवं न ही रेलवे ध्यान दे रहा।

## आरक्षण नियमों के उल्लंघन के खिलाफ छात्रों ने किया आंदोलन

**नवभारत, जबलपुर।** गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन मध्य प्रदेश ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति और मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के नाम ज्ञापन सौंपकर एक दिवसीय आंदोलन किया। संगठन का आरोप है कि मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की समूह-2, उपसमूह-1 कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा-2026 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण रोस्टर का घोर उल्लंघन हुआ है। राज्य में इस वर्ग के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण का नियम है, जिसके तहत कुल 2784 पदों में से लगभग 557 पद मिलने चाहिए थे, लेकिन केवल 122 पद ही घोषित किए गए। घोषित अन्य पदों में अनारक्षित वर्ग के 1126, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 444, अनुसूचित जाति के 316 और अन्य पिछड़ा वर्ग के 776 पद शामिल हैं, जिनमें अदालती प्रक्रिया के कारण 13 प्रतिशत पद रोके गए हैं। युवाओं का कहना है कि रोस्टर का पालन न होने से आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है।



# पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड के उपयोग पर दिया जोर

**ट्रेंचिंग ग्राउंड और स्वच्छता व्यवस्था का कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

**अनूपपुर, नवभारत 11 जुलाई।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार को नगर पालिका अनूपपुर की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने नई सब्जी मंडी के पीछे स्थित नए ट्रेंचिंग ग्राउंड तथा जैतहरी रोड स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए कहा कि पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड की उपलब्धता के बावजूद नए स्थल पर कचरा डंप करना उचित नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि नए ट्रेंचिंग ग्राउंड में जमा कचरे को पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में स्थानांतरित कर वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से उसका निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को सफाई व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

### सफाई कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी तय की जाए

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी तय कर नियमित निगरानी की जाए, ताकि सभी वार्डों में समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सफाई सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने नगर पालिका के कचरा संग्रहण वाहनों की जानकारी लेते हुए घर-घर कचरा संग्रहण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि नगर पालिका के पास छह कचरा संग्रहण वाहन हैं, जो प्रतिदिन सभी वार्डों से कचरा एकत्रित करते हैं।

### एक नजर में

## नागरिकों तक पहुंचने वाला पानी स्वच्छ मानकों के अनुरूप होना चाहिए : देवेन्द्र

**नवभारत,जबलपुर।** नागरिकों को स्वच्छ और निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चैहान ने भोंगाद्वार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट के संचालन से लेकर जल वितरण व्यवस्था की बारीकियों को गंभीरता से समझा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चैहान ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के विभिन्न चरणों - रॉ-वाटर पंपिंग, सेडिमेंटेशन, फिल्ट्रेशन और क्लोरिनेशन प्रोसेस को करीब से देखा। उन्होंने पानी की शुद्धता जांचने वाली लैब का भी अवलोकन किया और इस बात पर विशेष जोर दिया कि नागरिकों तक पहुंचने वाला पानी पूरी तरह स्वच्छ, सुरक्षित और मानकों के अनुरूप होना चाहिए। अपर आयुक्त ने प्लांट के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों और तकनीकी स्टाफ की पीठ थपथपाई, साथ ही भविष्य की तैयारियों को लेकर निर्देश दिये।



## लापता राकेश राम 5 साल बाद अपने घर रवाना

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट के सरस्वती घाट पर पिछले लगभग 5 वर्षों से अपने घर से लापता युवक राकेश राम को स्थानीय सहयोगियों की मदद से उसके गृह ग्राम रवाना किया गया। सभी लोगों के सहयोग से युवक को उसके गाँव महेंद, तहसील मुहम्मदाबाद, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश भेजने का प्रबंध किया गया। इस दौरान भेड़ाघाट मंडल उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, सतीश सेन, साहिल विश्वकर्मा, रोहित बर्मन, बहादुर बर्मन और रंजीत सेन मौजूद रहे।



## पौधे लगाकर मनाया पूजा मिश्रा का जन्मदिन

**नवभारत, जबलपुर।** वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजेश श्रीवास के नेतृत्व में मोनि तिराहा पर सुबह 10 बजे पौधे लगाकर पूजा कौशल कांत मिश्रा का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर नगर महासचिव हुकमचंद जैन, नगर उपाध्यक्ष सुबड, जग्गू विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष प्रकोष्ठ रवि राय, ब्लॉक महासचिव मंडलम अध्यक्ष नारायण गुप्ता, जगदीश दाहिया, महेश मिश्रा, प्रकाश उपाध्याय, सोनू गुप्ता, नगर महासचिव महेंद्र त्रिपाठी और मनीष मौर्य सहित कांग्रेस के कई निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सिंहस्थ विशेष प्रशिक्षण का छठवां बैच सम्पन्न

**अनूपपुर, नवभारत।** आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियों के तहत पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के छठवें बैच का शनिवार को पुलिस लाइन अनूपपुर में सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इसमें भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, जल बचाव, संचार व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के प्रति व्यवहारिक दक्षता जैसे विषय शामिल रहे। अंतिम दिवस पर मेडिकल टीम ने प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर का विशेष प्रशिक्षण दिया।

# जरूरतमंद लोगों की हरसंभव मदद का लिया निर्णय

**राहुल गांधी एकता संगठन ऑल इंडिया की बैठक आयोजित**



**जमुना कोतमा।** राहुल गांधी एकता संगठन ऑल इंडिया के गठन का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार दिनांक 10 जुलाई को जमुना कॉलोनी के पाथरखेड़ा दफाई स्थित शासकीय स्कूल के समीप संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र सिंह ने की।

कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत किया गया तथा नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बैठक में संगठन के माध्यम से समाजहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

### निर्धन परिवारों के विवाह में की जाएगी सहायता

तय किया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शिक्षा में सहयोग, निर्धन परिवारों के विवाह में सहायता, जरूरतमंद लोगों की हरसंभव मदद तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। साथ ही संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन की नियमित समीक्षा के लिए प्रत्येक माह प्रत्यक्ष बैठक आयोजित की जाएगी।

### इनकी रही उपस्थिाति

बैठक में गुड्डू मिश्रा (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बदरा-जमुना), संतोष चौरसिया पत्रकार गुलाब रजक पत्रकार अनिल कुमार श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार, मोहनलाल पाव, शंकर लाल यादव, आनंद राम सिंह, मुकेश नामदेव, संदीप सोनी, रामकुमार शर्मा, लालू प्रसाद नापित, पदम दास, चित्र दास, मोहम्मद इलियास, वेद प्रकाश ओझा, रवि प्रधान सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# शंकर मंदिर से बस्ती मार्ग पर आए दिन लगता है जाम

**अनूपपुर, नवभारत।** शहर के चेतना नगर स्थित शंकर मंदिर से बस्ती रोड जाने वाले मार्ग पर प्रतिदिन लगने वाला जाम आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है।सड़क किनारे दुकानों के सामने सुबह से देर रात तक दोपहिया वाहन खड़े रहने से मार्ग संकरा हो जाता है,जिसके चलते दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही बाधित होती है।परिणामस्वरूप दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और लोगों को घंटों जाम में फंसकर परेशानी झेलनी पड़ती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि



यातायात विभाग की टीम समय-समय पर लोगों को समझाने और जागरूक करने पहुंचती है, लेकिन वाहन चालकों पर इसका कोई खास असर दिखाई नहीं देता।

# आरके सिंह सैनी ने स्टेट बार चुनाव में रचा इतिहास

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2026 में आर.के. सिंह सैनी ने सबसे अधिक वोट पाकर इतिहास रच दिया है। वे मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में किसी एक जिले से आज तक सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले पहले अधिवक्ता बन गए हैं।

शहर की मतपेटी खुलते ही सर्वाधिक वोट हासिल कर उन्होंने राज्य अधिवक्ता परिषद में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। यह पहली बार हुआ है जब पूरे राज्य के किसी एक जिले से किसी अधिवक्ता को इतने बड़े पैमाने पर वोट प्राप्त हुए हैं, जिसने संस्कारधानी को गौरवान्वित किया है। इस ऐतिहासिक जीत से जबलपुर के समस्त अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। अपनी इस लोकप्रियता और ऐतिहासिक जीत पर आभार व्यक्त करते हुए आर.के. सिंह सैनी ने कहा कि अधिवक्ता साथियों ने उन्हें जो प्यार, आशीर्वाद और सहयोग प्रदान किया है, उसके लिए वे जबलपुर के साथ-साथ मध्य प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हैं और हमेशा अपने अधिवक्ता भाइयों के हित में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं।

# 300 विद्यार्थियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




**अनूपपुर, नवभारत।** जिला मुख्यालय स्थित बेथेल मिशन स्कूल अनूपपुर में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग अनूपपुर के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने विद्यार्थियों की आंख, कान, नाक, गला और दांतों की जांच की।

साथ ही बच्चों की आयु एवं ऊंचाई के अनुसार वजन का आकलन भी किया गया। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों से उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं तकलीफों के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें उचित दवाइयां उपलब्ध कराईं। इस अवसर पर चिकित्सकों ने बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम तथा व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर ही बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

# नौनिहालों को मिलें फूड पैकेट व शिक्षा सामग्री



**समाजसेवियों की पहल बनी मिसाल**

**अनूपपुर, नवभारत 11 जुलाई।** नगर परिषद डूमर कछार अंतर्गत सेक्टर डोला के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 158 में समाजसेवियों की पहल बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई।

समाजसेवी सुबोध राय, उनकी पुत्री ममता राय एवं गायत्री राय के सहयोग से केंद्र के बच्चों को फूड पैकेट, स्टेशनरी सामग्री एवं अन्य आवश्यक उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बेबी राव के समन्वय से आयोजित इस सेवा कार्य में बच्चों की सुविधा और बेहतर शिक्षण वातावरण को ध्यान में रखते हुए गायत्री राय द्वारा केंद्र को कूलर, रंगीन शैक्षणिक सामग्री, बर्तन, इंडक्शन चूल्हा तथा हाथ धोने के लिए वॉश बेसिन भी उपलब्ध कराया गया। इससे बच्चों को गर्मी से राहत मिलने के साथ-साथ केंद्र की व्यवस्थाएं भी सुदृढ़ होंगी।

### सेक्टर पर्यवेक्षक का मार्गदर्शन मिला

बेबी राव ने बताया कि समाजसेवी समय-समय पर केंद्र पहुंचकर बच्चों के बीच फल, मिठाई एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण करते रहते हैं, जिससे बच्चों के पोषण एवं उत्साहवर्धन में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि उन्हें सेक्टर पर्यवेक्षक सीमा सिंह का निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त होता है। साथ ही इस जनहितकारी पहल का श्रेय महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी मंजूषा शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन को दिया।

## लायंस और गुंजन कला सदन ने किया तनिष्क शुक्ला का सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** इंडियन आइडल फेम तनिष्क शुक्ला का लायंस परिवार जबलपुर एवं गुंजन कला सदन मध्य प्रदेश द्वारा भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर गुंजन कला सदन मध्य प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री नरेंद्र जैन, संयोजक प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, आलोक पाठक एवं युवराज गढ़वाल उपस्थित रहे। इन सभी सहयोगियों ने तनिष्क शुक्ला को साफा, शाल, श्रीफल और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस गरिमामयी सम्मान कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# पार्षद अर्चना यादव की पहल रंग लायी

**वर्षों बाद बुझी वार्ड क्रमांक 9 के रंजीत दफाई की प्यास**

**अमलाई, नवभारत 11 जुलाई।** नगर परिषद बरगवां-अमलाई के वार्ड क्रमांक 9 अंतर्गत रंजीत दफाई (यादव मोहल्ला) के रहवासियों के लिए वह दिन आखिरकार आ ही गया, जिसका इंतजार वे वर्षों से कर रहे थे। लंबे समय से पेयजल संकट की मार झेल रहे इस मोहल्ले में अब नियमित जलापूर्ति शुरू हो गई है।

नगर परिषद द्वारा मूलचंद महरा के घर के समीप कराए गए नए बोरवेल को पाइपलाइन के माध्यम से रंजीत दफाई से जोड़ दिया गया है। बोरवेल में 3 एचपी की मोटर स्थापित किए जाने के बाद अब मोहल्ले के घरों तक पानी पहुंचने लगा है। इस कार्य के पीछे वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद एवं नगर परिषद की नेता प्रतिपक्ष अर्चना अजय यादव की लगातार की गई पहल और प्रयासों को क्षेत्रवासी इस सफलता का प्रमुख कारण मान रहे हैं।

### जलापूर्ति शुरू होने से खुशी का माहौल

जलापूर्ति शुरू होने के बाद पूरे मोहल्ले में खुशी का माहौल है। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि पहले उनके दिन की शुरुआत पानी की चिंता से होती थी। कई बार घंटों पानी भरने में लग जाते थे, जिससे घर के अन्य काम प्रभावित होते थे। अब घर के पास ही पानी मिलने से न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों को भी राहत मिली है। लोगों का कहना है कि वर्षों बाद उन्हें ऐसी सुविधा मिली है, जिससे उनके जीवन की सबसे बड़ी परेशानी काफी हद तक समाप्त हो गई है।

समीक्षा | वीबी-जी-राम-जी योजना के कार्यों को दें प्राथमिकता, कर वसूली तेज करने पर जोर

# ग्रामीणों को मिले अधिक रोजगार : जिपं सीईओ

**अनूपपुर, नवभारत 11 जुलाई।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्यों को स्वीकृति देकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक कार्यों को प्राथमिकता देते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए तथा डिजिटल प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता एवं जवाबदेही



सुनिश्चित की जाए। जिला पंचायत सभागार में आयोजित ग्रामीण विकास कार्यों की पाक्षिक समीक्षा बैठक में अर्चना कुमारी ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सहायक एवं उपयंत्रियों तथा योजना प्रभारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

### कार्यों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए

उन्होंने वीबी-जी राम जी योजना के तहत सामुदायिक कार्यों की कार्ययोजना, युक्तधारा पोर्टल पर तैयार योजनाओं, सामग्री भुगतान और रोजगार सृजन की प्रगति का आकलन करते हुए कार्यों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही पौधारोपण के गैप फिलिंग कार्यों और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

### आवास निर्माण में संतोषजनक प्रगति दिखाई देनी चाहिए

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना की समीक्षा के दौरान सीईओ ने कहा कि जिन हितग्राहियों को पहली, दूसरी और तीसरी किश्त जारी की जा चुकी है, उनके आवास निर्माण में संतोषजनक प्रगति दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने आवास निर्माण की राशि का दुरुपयोग या गबन करने वाले हितग्राहियों के विरुद्ध वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित डीबीटी प्रकरणों का बैंक से समन्वय कर शीघ्र निराकरण करने को कहा।